डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

19 फरवरी 2026
गुरुवार

आपकी आवाज




ब्रह्मपुर के ऐतिहासिक फाल्गुनी मेले में दौड़ी रफ्तार बाबर बना मैदान का बादशाह 2



## एक नजर

### प्रियंका गांधी ने संभाली असम चुनाव की कमान

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आगामी असम विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में गुरुवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा असम दौरे पर पहुंचेंगी और पार्टी नेताओं के साथ बैठक करेंगी। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने जानकारी देते हुए बताया कि, कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी असम में दो दिनों का दौरा करेंगी, जहां वे कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं के साथ मिलकर चुनाव की रणनीति पर महत्वपूर्ण बैठकें करेंगी। इससे पहले मंगलवार को कांग्रेस को उस समय बड़ा झटका लगा जब कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन बोरा ने भाजपा में शामिल होने का एलान कर दिया है। प्रियंका गांधी वाड्रा असम कांग्रेस कार्यालय में पदाधिकारी, फ्रंटल संगठन के नेता, पार्टी के विभिन्न विभागों के प्रमुख और वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ कई बैठकें करेंगी।

### माह-ए-रमजान का आगाज दिखा चांद

**पटना।** माह-ए-रमजान का पहला रोजा गुरुवार को रखा गया। चांद दिखने के साथ तवारीह शुरू होगी। आज बुधवार की शाम पटना समेत देशभर में पाक महीना रमजान का चांद देखा गया। इसके साथ ही इशा की नमाज के बाद तवारीह की नमाज शुरू हो गई। पहला रोजा गुरुवार, 19 फरवरी से रखा जाएगा। रमजान के पूरे तीस दिन मुसलमान सुबह सेहरी और शाम को इफ्तारी के साथ रोजा रखेंगे। इस दौरान वे मन, वचन और कर्म से पाकिजगी बनाए रखते हुए अल्लाह की इबादत करेंगे और पांच वक्त की नमाज अदा करेंगे। बिहार में इस वर्ष सेहरी का समय सुबह 4 बजकर 53 मिनट और इफ्तार का समय शाम 5 बजकर 44 मिनट निर्धारित किया गया है। हालांकि शहर के अनुसार इसमें थोड़ा अंतर हो सकता है। शिया और सुन्नी परंपरा के अनुयायी अपने धर्मगुरु के अनुसार रोजा रखेंगे। बता दें कि रोजा रखने वाले लोग इफ्तारी सामूहिक रूप से करते हैं। एक साथ बैठकर इफ्तारी करते हैं। जिससे गरीब और अमीर, धर्म और भेद का अंतर मिट जाता है। सभी एक साथ शाम में बैठकर पाक माह का आनंद लेते हैं। तरह-तरह का व्यंजन खाते हैं।

# 10 राज्यों में राज्यसभा की 37 सीटों पर चुनाव का ऐलान

- नामांकन 26 फरवरी से, मतदान 16 मार्च को संभव
- एनडीए को राज्यसभा में बहुमत बढ़ने की उम्मीद



**एजेंसी। नई दिल्ली**

दो से नौ अप्रैल के बीच महाराष्ट्र, बिहार, बंगाल सहित राज्यसभा की दस राज्यों की खाली हो रही 37 सीटों के लिए चुनाव का ऐलान हो गया है। इन सीटों के लिए 26 फरवरी से ही नामांकन शुरू हो जाएंगे। जरूरत पड़ी तो 16 मार्च को चुनाव भी होंगे। वहीं राज्यसभा के ये चुनाव भाजपा और एनडीए गठबंधन के भीतर उत्साह बढ़ाने वाले होंगे, क्योंकि जिन दस राज्यों में ये चुनाव होने जा रहे है, उनमें से मौजूदा समय में छह राज्यों में भाजपा या उसके गठबंधन की सरकारें है। जहां इनकी सीटों में बढ़ोतरी होना तय है।चुनाव आयोग ने बुधवार राज्यसभा की खाली हो रही इन सीटों के लिए विस्तृत चुनाव कार्यक्रम भी जारी किया है। साथ ही किन-किन राज्यों में कितनी सीटें खाली हो रही है, इसका भी ब्यौरा जारी किया है। इसके तहत महाराष्ट्र में सबसे अधिक सात सीटें खाली हो रही है, जबकि तमिलनाडु में छह, बिहार व बंगाल में पांच-पांच ,ओडिशा में चार, असम में तीन, छत्तीसगढ़, तेलंगाना व हरियाणा में दो-दो सीटें और हिमाचल प्रदेश की एक सीट खाली हो रही है।खाली हो रही इन सीटों में मौजूदा समय में 25 सीटें विपक्षी दलों के पास है जबकि 12 सीटें भाजपा और एनडीए के पास है।राज्यसभा के जिन सदस्यों का कार्यकाल खत्म हो रहा है, उनमें केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, शरद पवार, तिरुचि शिवा, उपेंद्र कुशवाह, अभिषेक मनु सिंघवी, फौजिया खान, प्रियंका चतुर्वेदी आदि प्रमुख लोग शामिल है। गौरतलब है कि जिन दस राज्यों की राज्यसभा की खाली सीटें के लिए चुनाव होने जा रहे है, उनमें महाराष्ट्र, असम, ओडिशा, छत्तीसगढ़, हरियाणा और बिहार में भाजपा व उसके गठबंधन की सरकारें है जबकि तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, बंगाल और तमिलनाडु में विपक्षी दलों की सरकारें है।

### राज्यसभा में एनडीए का बहुमत पहुंच सकता है 145 सीटों तक

दस राज्यों की राज्यसभा की खाली हो रही 37 सीटों के लिए होने वाले चुनाव के बाद राज्यसभा का संख्या गणित बदल जाएगा। इस दौरान एनडीए का बहुमत के 145 सीटों तक या उससे अधिक पहुंच सकता है।अकेले महाराष्ट्र की बात करें, तो वहां राज्यसभा की सात सीटें के लिए चुनाव होंगे। ऐसे में राज्य के संख्या गणित को देखें तो राज्य में यदि समूचा विपक्ष एकजुट होकर लड़ता है तो एक सीट जीत सकता है। बाकी छह सीटों पर भाजपा व उसके सहयोगियों की जीत तय है।मौजूदा समय में राज्यसभा में एनडीए के पास 137 सीटें है, इनमें 103 सीटें भाजपा की है।

### 16 मार्च को चुनाव और उसी दिन आएंगे नतीजे

दस राज्यों में राज्यसभा की खाली हो रही 37 सीटों के लिए होने वाले चुनाव में यदि जरूरत पड़ी तो 16 मार्च को चुनाव होंगे, और उसी दिन शाम पांच बजे तक नतीजे भी घोषित हो जाएंगे।वहीं यदि प्रत्येक सीटों के लिए एक ही व्यक्ति ने नामांकन किए तो पांच मार्च को नामांकन करने की अंतिम तिथि के दिन ही स्थिति साफ हो जाएगी।इस चुनाव के लिए राज्यों के विधायक मतदान करते है। जिनके वोट के मूल्य का निर्धारण राज्य विधानसभा की कुल सदस्य संख्या और खाली सीटों के आधार पर किया जाता है।

तीन करोड़ डॉलर के एआई साइंस चैलेंज की घोषणा

# गूगल भारत-अमेरिका के बीच बिछाएगी समुद्री केबल



- पीएम मोदी और सुंदर पिचाई के बीच हुई लंबी बातचीत बनी सहमती

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सुंदर पिचाई ने भारत के 800 जिलों के दो करोड़ से अधिक पब्लिक सर्वेंट को क्लाउड इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लेटफॉर्म की सहायता करने के लिए साझेदारी की भी घोषणा की। ह्यएआई इम्पैक्ट समिट 2026ह्व में हिस्सा लेने आए पिचाई ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद कहा, एआई हमारे जीवनकाल का सबसे बड़ा बदलाव है। भारत जैसे देशों के लिए यह पुरानी कमियों को दूर करने और नए अवसर पैदा करने का एक बड़ा मौका है। रिसर्च और साइंटिफिक इनोवेशन को बढ़ावा देने के लिए गूगल ने तीन करोड़ डॉलर के एआई फॉर साइंस इम्पैक्ट चैलेंज की घोषणा की। पिचाई ने विशाखापत्तनम में हाल ही में घोषित 15 अरब डॉलर के एआई केंद्र का जिक्र करते हुए बताया कि इसमें गीगावाट-स्केल कंप्यूट सुविधा और एक अंतरराष्ट्रीय समुद्री केबल केंद्र होगा। जब यह बनकर तैयार होगा, तो यह पूरे भारत के व्यवसायों और लोगों तक उन्नत एआई के लाभ पहुंचाएगा और बड़ी संख्या में रोजगार पैदा करेगा. पीएम मोदी ने सुंदर पिचाई के साथ हुई इस बैठक को खास बताया। पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि दिल्ली में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान श्री सुंदर पिचाई से मिलकर बेहद खुशी हुई। हमने एआई के क्षेत्र में भारत द्वारा किए जा रहे कार्यों और इस क्षेत्र में हमारे प्रतिभाशाली छात्रों और पेशेवरों के साथ गूगल कैसे काम कर सकता है, इस बारे में चर्चा की। पीएम मोदी सुंदर पिचाई ने कहा है कि पीएम मोदी से मिलना एक अच्छा अनुभव था। हमने भारत के हेल्थ, एग्रिकल्चर और लैंगवेज सपोर्ट लेकर दूसरे सेक्टर्स में एआई को इन्फ्यूज करने पर बातचीत की है।

### रोबोटिक्स और कोडिंग की शिक्षा दी जाएगी

गूगल क्लाउड 18 भारतीय भाषाओं में सुरक्षित बुनियादी ढांचा प्रदान करेगा. इसके अलावा, अटल टिंकरिंग लैब्स के साथ मिलकर 10000 स्कूलों के 1.1 करोड़ विद्यार्थियों को जनरेटिव एआई, रोबोटिक्स और कोडिंग की शिक्षा दी जाएगी। विद्यार्थियों और शुरूआती करियर वाले पेशेवरों के लिए हिंदी और अंग्रेजी में गूगल एआई प्रोफेशनल सर्टिफिकेट प्रोग्राम शुरू किया गया है। साथ ही, गूगल डीपमाइंड और भारत सरकार के बीच राष्ट्रीय साझेदारी कार्यक्रम के तहत समझौता हुआ है, जिससे उन्नत एआई क्षमताओं तक पहुंच और व्यापक होगी। यह समिट भारत की ग्लोबली ताकत का प्रमाण है जिसे मोदी सरकार लगातार बढ़ावा दे रही है। इस समिट में 100 से ज्यादा सरकारी प्रतिनिधि, जिनमें 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और 60 मंत्री शामिल हैं। साथ ही दुनिया भर के नामी सीईओ, संस्थापक, शोधकर्ता और सीटीओ हिस्सा ले रहे हैं। यह समिट जन, दुनिया और प्रगतिश के तीन पिलर्स पर बेस्ड है। सेफ्टी और भरोसा, एआई पर भारत का यह फ्रेमवर्क आने वाले समय में वैश्विक एआई नीति की दिशा तय कर सकता है।

# फ्लाइट में बदसलूकी पर सख्ती भारत में 'जीरो टॉलरेंस' नीति लागू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

हवाई यात्रा के दौरान बदसलूकी करने वाले यात्रियों पर अब सख्त कार्रवाई होगी। भारत के विमानन नियामक ने ऐसे यात्रियों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस पॉलिसी' लागू करने का फैसला किया है। इसका मकसद विमान, यात्रियों और क्रू की सुरक्षा सुनिश्चित करना और उड़ान के दौरान अनुशासन बनाए रखना है।विमानन नियामक ने इस संबंध में ड्राफ्ट नियम जारी किए हैं। इन नियमों के तहत एयरलाइंस को हवाई अड्डे और विमान के अंदर बदसलूकी करने वाले यात्रियों से निपटने के लिए साफ और सख्त प्रक्रिया बनानी होगी। विमानन नियामक प्रमुख फैज अहमद किदवई द्वारा प्रस्तावित ड्राफ्ट के अनुसार, सभी एयरलाइंस को एक स्पष्ट स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर बनानी होगी। यह प्रक्रिया एयरपोर्ट और विमान दोनों जगह लागू होगी। एयरलाइंस को यह स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर अपने सभी कर्मचारियों, खासकर यात्रियों से सीधे जुड़े स्टाफ, को बतानी होगी ताकि समय रहते ऐसे मामलों को रोका जा सके। साथ ही एयरलाइंस को चेक-इन काउंटर, लाउंज, बोर्डिंग गेट या टर्मिनल के किसी भी हिस्से में बदसलूकी के संकेत पहचानने और रिपोर्ट करने की व्यवस्था बनानी होगी। ऐसे मामलों की तुरंत एयरपोर्ट पर मौजूद कानून प्रवर्तन एजेंसियों को जानकारी देनी होगी, ताकि जरूरत पड़ने पर यात्री को उड़ान भरने से रोका जा सके ड्राफ्ट नियमों में यह भी कहा गया है कि गृह मंत्रालय के विमानन नियामक और एयरलाइंस को ऐसे लोगों की सूची दे सकता है जिन्हें राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा माना गया है। इन नामों को नो-फ्लाई लिस्ट में शामिल किया जाएगा, लेकिन यह सूची सार्वजनिक नहीं होगी। ऐसे मामलों में अपील का प्रावधान नहीं होगा।

# विजय माल्या का भारत लौटना पक्का नहीं



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भगोड़े बिजनेसमैन विजय माल्या ने बुधवार को बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि वह अभी यह बताने की हालत में नहीं है कि वह कब भारत लौट सकते हैं। उन्होंने यूनाइटेड किंगडम में चल रही कार्रवाई से पैदा हुई कानूनी दिक्कतों का हवाला दिया।अपने वकील के जरिए, उन्होंने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया कि यूनाइटेड किंगडम की अदालतों के पास किए गए कानूनी ऑर्डर उसे इंग्लैंड और वेल्स छोड़ने, विदेश जाने की कोशिश करने, या इंटरनेशनल ट्रैवल डॉक्यूमेंट के लिए अप्लाई करने या रखने से भी रोकते हैं। इन पाबंदियों को देखते हुए, उसने कहा है कि वह भारत लौटने की कोई पक्की टाइमलाइन नहीं बता सकता। माल्या की तरफ से पेश हुए, सीनियर वकील अमित देसाई ने कोर्ट से दोनों पिटीशन पर अलग-अलग सुनवाई करने की अपील की, भले ही उनका क्लाइंट भारत में फिजिकली मौजूद न हो सके। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि कुछ मामलों में, पिटीशनर की गैरमौजूदगी के बावजूद संवैधानिक अदालतों ने रिट पिटीशन पर फैसला किया है। यह बात हाई कोर्ट के उस पक्के मैसेज के कुछ दिनों बाद आई है जिसमें उसने कहा था कि वह फ्यूजिटिव इकोनॉमिक ऑफेंडर्स एक्ट के नियमों को चुनौती देने वाली उसकी अर्जी पर तब तक सुनवाई नहीं करेगा, जब तक वह वापस आकर उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आ जाता। कोर्ट ने उसे यह साफ करने का निर्देश दिया था कि अगर वह राहत चाहता है तो क्या वह लौटने का इरादा रखता है। माल्या के वकील ने दलील दी कि इंग्लैंड की अदालतों के आदेश उसके उस देश को छोड़ने की काबिलियत पर रोक लगाते हैं, जिससे वह भारत यात्रा के लिए कोई टाइमलाइन तय नहीं कर पाता।







# बोलीदारों की बेरुखी से खाली पड़ा चौसा का सैरात बाजार, नगर पंचायत की आय पर मंडराया संकट

- पिछले साल भी नहीं हो पाई थी बंदोबस्ती, लगातार दूसरी तिथि पर भी नहीं आए बोलीदार बेरूखी से उठ रहे है सवाल

**केटी न्यूज/चौसा**

नगर पंचायत चौसा की सैरात-बाजार बंदोबस्ती इस वर्ष भी ठंडे बस्ते में जाती नजर आ रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित हॉट-बाजार, मछली बाजार और छोटे-बड़े भाड़े के वाहनों की सैरात की बोली दूसरी निर्धारित तिथि पर भी पूरी नहीं हो सकी। लगातार दूसरी बार एक भी बोलीदाता के उपस्थित नहीं होने से नगर पंचायत की आय व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। बुधवार को आयोजित बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी, दंडाधिकारी पीओ अरुण कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी रानी कुमारी और सशक्त समिति के सदस्य मौजूद रहे। प्रशासन ने पूरी तैयारी के साथ खुली डाक की प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश की, लेकिन बोलीदाताओं की अनुपस्थिति के कारण बैठक स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले पहली तिथि पर भी यही स्थिति बनी थी। लगातार दो बार प्रक्रिया बाधित होने से यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर सैरात बंदोबस्ती में दिलचस्पी क्यों नहीं दिखाई जा रही है। स्थानीय जानकारों का मानना है कि बाजार की वर्तमान स्थिति, संभावित लाभ-हानि और प्रशासनिक शर्तों को लेकर असमंजस बोलीदाताओं को पीछे खींच रहा है।



नगर पंचायत की आय का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत सैरात से होने वाली आमदनी है। यदि समय पर बंदोबस्ती नहीं होती है तो विकास योजनाओं, साफ-सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। पहले से ही सीमित संसाधनों में काम कर रही नगर पंचायत के लिए यह स्थिति चिंता बढ़ाने वाली है। कार्यालय सूत्रों के अनुसार अब 20 फरवरी को अगली तिथि निर्धारित की गई है। प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार इच्छुक अभ्यर्थी सामने आएंगे और राजस्व प्रक्रिया पटरी पर लौटेगी। फिलहाल नगर पंचायत की निगाहें अगली बोली पर टिकी हैं, क्योंकि सैरात की चाबी ही विकास के ताले खोलने में अहम भूमिका निभाती है।

# ब्रह्मपुर के ऐतिहासिक फाल्गुनी मेले में दौड़ी रफ्तार बाबर बना मैदान का बादशाह

- बाबा बरमेश्वर नाथ की नगरी में घोड़ा रेस ने बांधा समां, पांच-पांच राउंड की टक्कर ने बढ़ाया रोमांच

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

बाबा बरमेश्वर नाथ मंदिर की पावन नगरी में आयोजित ऐतिहासिक फाल्गुनी पशु मेला इस बार सिर्फ व्यापार या परंपरा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि रफ्तार और रोमांच की ऐसी कहानी लिख गया जिसे देखने हजारों आंखें उमड़ पड़ीं। मेले का सबसे बड़ा आकर्षण बनी घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता, जहां धूल उड़ाती टापों और दर्शकों की तालियों के बीच रोमांच अपने चरम पर पहुंच गया। व्यापारी संघ और घोड़ा मालिकों की पहल पर आयोजित इस प्रतियोगिता में तीन दर्जन से अधिक घोड़े-घोड़ियों ने हिस्सा लिया। पांच-पांच राउंड में हुई इस रेस ने हर बार सांसें थाम दीं। जैसे ही सीटी बजी, घोड़ों की टापों ने मैदान को गूंजा दिया और दर्शकों का उत्साह आसमान छूने लगा।




## बाबर की बादशाहत

मुख्य प्रतियोगिता में पटना के रुदल गोप का घोड़ा ह्वबाबरह्व सब पर भारी पड़ा। घुड़सवार मेघु ने अद्भुत संतुलन और गति का प्रदर्शन करते हुए प्रतिद्वंद्वियों को पीछे छोड़ दिया। हर राउंड में बाबर की बढ़त ने उसे दर्शकों का चहेता बना दिया। द्वितीय स्थान रघुनाथपुर, बेगूसराय के प्रिंस यादव के ह्वरघुनाथपुर एक्सप्रेसह्व को मिला, जिसके सवार राजेश यादव ने कड़ी चुनौती पेश की। तृतीय पुरस्कार गंगौली, बक्सर के योगेंद्र ठाकुर को मिला। उनके घोड़े पर सवार गूंगा ने बेहतरीन नियंत्रण दिखाते हुए शानदार प्रदर्शन किया। विशेष पुरस्कार के रूप में केशोपुर के छोटू मुखिया के घोड़े ह्ववीरुह्व को सम्मानित किया गया। घुड़सवार मनीष कुमार ने जिस फुर्ती और तालमेल से दौड़ पूरी की, उसने दर्शकों का दिल जीत लिया।

## अलग-अलग वर्गों में भी दिखी टक्कर

ह्वदो दांतह्व वर्ग की दौड़ में धामनिया, आरा के पुतुल चौबे का घोड़ा पहले स्थान पर रहा। अशोक ठेकेदार का घोड़ा दूसरे और गौड़ाढ, शाहपुर के शंभू पासवान का घोड़ा तीसरे स्थान पर रहा। इस श्रेणी की रेस भी उतनी ही रोमांचक रही, जितनी मुख्य प्रतियोगिता। घोड़ी वर्ग में नियाजीपुर के हीरा यादव की घोड़ी ने बाजी मारी। ढाबी के रामचंद्र यादव की घोड़ी दूसरे और तूफान सिंह की घोड़ी तीसरे स्थान पर रही। इन घोड़ियों की रफ्तार और संतुलन देखने लायक था। छोटी ह्वछकरीह्व (बच्चा घोड़ा/घोड़ी) दौड़ ने भी खूब तालियां बटोरीं। धामनिया के पुतुल चौबे पहले, केशोपुर के छोटू मिश्रा मुखिया दूसरे और सिसई, सिवान के विजय यादव की घोड़ी तीसरे स्थान पर रही।

## परंपरा, व्यापार और रोमांच का संगम

आयोजन पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित रहा। सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। व्यापारी संघ ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं न केवल मेले की परंपरा को जीवित रखती हैं, बल्कि घोड़ा पालन और व्यापार को भी बढ़ावा देती हैं। फाल्गुनी पशु मेला एक बार फिर साबित कर गया कि परंपरा जब रफ्तार से मिलती है, तो इतिहास बनता है और इस बार उस इतिहास का नाम था ह्वबाबरह्व।

# नो एंट्री तोड़ने वालों पर चला प्रशासन का डंडा, 17 ट्रकों से वसूला गया 95 हजार का जुर्माना




**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर में लगे नो एंट्री को तोड़ने वाले ट्रक चालकों को मंगलवार की रात स्थानीय पुलिस ने सबक सिखाया है। पुलिस ने नो एंट्री तोड़ने के आरोप में 17 ट्रक चालकों पर कुल 95 हजार रूपए का जुमार्ना लगाया है। पुलिस की इस कार्रवाई से ट्रक चालकों में हड़कंप मचा रहा। बता दें कि डुमरांव के शहरी क्षेत्र में सुबह आठ बजे से रात 10 बजे तक नो एंट्री लागू है। वहीं, सड़क निर्माण के नाम पर भी ट्रकों का परिचालन रोका गया है। बावजूद मंगलवार की रात बड़ी संख्या में ट्रक चालक नो एंट्री के नियम को दरकिनार कर डुमरांव स्टेशन रोड से गुजर रहे थे। जिसके बाद पुलिस ने थाना गेट के सामने अभियान चला 17 ट्रकों पर नो एंट्री तोड़ने के आरोप में जुमार्ना लगाया गया। डुमरांव के प्रभारी थानाध्यक्ष मतेन्द्र कुमार ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि आगे भी पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा।

# मिशन अनुसंधान की हकीकत उजागर: मुरार थाने में 16 मामले ठंडे बस्ते में, सीआई का सख्त अल्टीमेटम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल के मुरार थाना में कानून-व्यवस्था की असली तस्वीर उस समय सामने आ गई, जब अंचल निरीक्षक अरविंद कुमार ने अचानक औचक निरीक्षण किया। ह्वमिशन अनुसंधानह्व के तहत हुए इस निरीक्षण में थाने में 16 आपराधिक कांड लंबित पाए गए, जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए।

निरीक्षण के दौरान केस डायरी, वारंट निष्पादन, कुर्की-जब्ती और अनुसंधान की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। कई मामलों में अपेक्षित गति नहीं मिलने पर सीआई ने स्पष्ट शब्दों में चेतावनी दी कि अब लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि लंबित मामलों का सीधा असर आम जनता के भरोसे पर पड़ता है और यह स्थिति सुधारनी ही होगी।



सूत्रों के अनुसार, कुछ कांडों में अनुसंधान की रफ्तार बेहद धीमी पाई गई। इस पर सीआई ने अनुसंधानकताओं को कड़ी फटकार लगाई और समयबद्ध तरीके से आरोप-पत्र समर्पित करने के निर्देश दिए। फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष अभियान चलाने और लंबित वारंटों के निष्पादन में तेजी लाने को भी कहा गया।

निरीक्षण केवल फाइलों तक सीमित नहीं रहा। हाजत कक्ष, मालखाना, अभिलेख संधारण और थाने की साफ-सफाई की भी बारीकी से जांच की गई। सीआई ने पारदर्शी और जवाबदेह पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि जनता की शिकायतों का त्वरित निस्तारण ही बेहतर कानून-व्यवस्था की पहचान है।

थानाध्यक्ष नेहा कुमारी ने भरोसा दिलाया कि लंबित मामलों के निष्पादन को प्राथमिकता दी जाएगी। हालांकि, अब नजर इस बात पर रहेगी कि सख्त चेतावनी के बाद मुरार थाना वाकई रफ्तार पकड़ता है या नहीं।

## एक नजर

### डुमरांव स्टेशन पर भीड़ का फायदा उठाकर महिला से पर्स की छिनतई

**डुमरांव।** डुमरांव रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बुधवार को डुमरांव रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई जब भीड़भाड़ के बीच एक महिला से झपट्टामारों ने पर्स छीन लिया। घटना उस वक्त हुई जब महिला श्रमजीवी एक्सप्रेस में सवार होने का प्रयास कर रही थीं। पीड़िता की पहचान सिमरी प्रखंड के सहियार गांव निवासी सीमा देवी के रूप में हुई है। वह अपने पुत्र के साथ बनारस होते हुए हरिद्वार जाने के लिए स्टेशन पहुंची थीं। जैसे ही ट्रेन प्लेटफॉर्म पर लगी और यात्री चढ़ने लगे, उसी दौरान भीड़ का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने उनका पर्स झपट लिया। महिला द्वारा शोर मचाने पर आसपास के यात्रियों में हलचल मच गई, लेकिन ट्रेन खुलने के कारण तत्काल पीछा संभव नहीं हो सका और आरोपी मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि पर्स में लगभग 4500 रुपये नकद, एटीएम कार्ड, एक स्मार्टफोन और अन्य जरूरी कागजात रखे थे। घटना के बाद महिला काफी व्यथित दिखीं और उन्होंने अपने परिजनों को इसकी सूचना दी। परिजनों द्वारा जीआरपी थाना में आवेदन देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी ने प्रारंभिक जांच आरंभ कर दी है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन मिलते ही विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इधर, यात्रियों ने स्टेशन पर भीड़ के समय अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती और नियमित गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि झपट्टामार गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

### गणित परीक्षा में अनुशासन की मिसाल एक भी परीक्षार्थी निष्कासित नहीं

**बक्सर।** वार्षिक माध्यमिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 के तहत बक्सर जिले में आयोजित गणित विषय की परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार दोनों पालियों में परीक्षार्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही तथा किसी भी केंद्र से कदाचार या निष्कासन की कोई सूचना नहीं मिली। प्रथम पाली में कुल 13,279 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 13,138 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए। केवल 141 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। विशेष बात यह रही कि इस पाली में एक भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया, जो प्रशासनिक सख्ती और केंद्रों पर बेहतर निगरानी का परिणाम माना जा रहा है। वहीं द्वितीय पाली में कुल 12,128 परीक्षार्थियों में से 11,972 उपस्थित रहे, जबकि 156 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। इस पाली में भी निष्कासन की संख्या शून्य रही। दोनों पालियों को मिलाकर कुल 25,407 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 25,110 ने परीक्षा दी, जबकि 297 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन द्वारा परीक्षा को पारदर्शी और कदाचारमुक्त बनाने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी और पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही उड़नदस्ता दल द्वारा लगातार निरीक्षण किया गया। केंद्राधीक्षकों को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि किसी भी स्थिति में अनुशासन से समझौता नहीं किया जाए। जिला नियंत्रण कक्ष लगातार सभी केंद्रों से संपर्क में रहा और समय-समय पर स्थिति की समीक्षा की गई। प्रशासनिक सख्ती और परीक्षार्थियों के अनुशासन के कारण परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी। गणित जैसे महत्वपूर्ण विषय की परीक्षा बिना किसी निष्कासन के संपन्न होना न केवल छात्रों के लिए राहत की बात है, बल्कि जिले की शिक्षा व्यवस्था के लिए भी सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में जख्मी युवक की इलाज के दौरान मौत, भाई गंभीर

**बक्सर।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के महदह पुल के पास मंगलवार की शाम एक हादसे में जहां एक युवक की मौत हो गई है, वहीं उसका चचेरा भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। हादसे को अंजाम देने के बाद वाहन चालक अपना वाहन लेकर फरार हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार डुमरांव थाना क्षेत्र के अटांव गांव निवासी प्रमोद पासवान का पुत्र प्रिंस पासवान इस बार मैट्रिक की परीक्षा दे रहा है। वह पहले दिन मैट्रिक परीक्षा देने के लिए अपने बड़े पापा के लड़के 19 वर्षीय पुष्पक राज उर्फ बड़क के साथ बाइक से बक्सर गया था। परीक्षा संपन्न होने के बाद दोनों वापस गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जैसे ही वे महदह पुल के पास पहुंचे कि पीछे से तेज रफ्तार से जा रही स्कार्पियो ने उनके बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया, जिससे दोनों बाइक समेत पुल से नीचे जा गिरे तथा उन्हें गंभीर चोटे आई। राहगीरों की मदद से दोनों को पहले बक्सर में प्राथमिक इलाज कराया गया, जहां उनकी बिगड़ती स्थिति को देखते हुए दोनों को हायर सेंटर रेफर किया गया। इसके बाद स्वजन उन्हें लेकर वाराणसी गए थे, जहां इलाज के दौरान पुष्पक राज ने दम तोड़ दिया। वहीं, इस हादसे मैट्रिक परीक्षार्थी प्रिंस का पैर टूट गया है। घटना के बाद से पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। ग्रामीण सूत्रों की माने तो मुन्ना पासवान भारतीय सेना में कार्यरत है। पुष्पक की मौत के बाद अटांव में मातम पसरा है।




बोलीदारों की बेरुखी से खाली पड़ा चौसा का सैरात बाजार, नगर पंचायत की आय पर मंडराया संकट

- पिछले साल भी नहीं हो पाई थी बंदोबस्ती, लगातार दूसरी तिथि पर भी नहीं आए बोलीदार बेरूखी से उठ रहे है सवाल

केटी न्यूज/चौसा

नगर पंचायत चौसा की सैरात-बाजार बंदोबस्ती इस वर्ष भी ठंडे बस्ते में जाती नजर आ रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तावित हॉट-बाजार, मछली बाजार और छोटे-बड़े भाड़े के वाहनों की सैरात की बोली दूसरी निर्धारित तिथि पर भी पूरी नहीं हो सकी। लगातार दूसरी बार एक भी बोलीदाता के उपस्थित नहीं होने से नगर पंचायत की आय व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है।

बुधवार को आयोजित बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष किरण देवी, दंडाधिकारी पीओ अरुण कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी रानी कुमारी और सशक्त समिति के सदस्य मौजूद रहे। प्रशासन ने पूरी तैयारी के साथ खुली डाक की प्रक्रिया शुरू करने की कोशिश की, लेकिन बोलीदाताओं की अनुपस्थिति के कारण बैठक स्थगित करनी पड़ी। इससे पहले पहली तिथि पर भी यही स्थिति बनी थी।

लगातार दो बार प्रक्रिया बाधित होने से यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर सैरात बंदोबस्ती में दिलचस्पी क्यों नहीं दिखाई जा रही है। स्थानीय जानकारों का मानना है कि बाजार की वर्तमान स्थिति, संभावित लाभ-हानि और प्रशासनिक शर्तों को लेकर असमंजस बोलीदाताओं को पीछे खींच रहा है।

नगर पंचायत की आय का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत सैरात से होने वाली आमदनी है। यदि समय पर बंदोबस्ती नहीं होती है तो विकास योजनाओं, साफ-सफाई व्यवस्था और अन्य मूलभूत कार्यों पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। पहले से ही सीमित संसाधनों में काम कर रही नगर पंचायत के लिए यह स्थिति चिंता बढ़ाने वाली है।

कार्यालय सूत्रों के अनुसार अब 20 फरवरी को अगली तिथि निर्धारित की गई है। प्रशासन को उम्मीद है कि इस बार इच्छुक अभ्यर्थी सामने आएंगे और राजस्व प्रक्रिया पटरी पर लौटेगी। फिलहाल नगर पंचायत की निगाहें अगली बोली पर टिकी हैं, क्योंकि सैरात की चाबी ही विकास के ताले खोलने में अहम भूमिका निभाती है।



# बक्सर में विकास योजनाओं पर जिलाधिकारी साहिला का सख्त एक्शन

- **महोत्सव से पहले तैयारी तेज, लापरवाही पर अधिकारियों को फटकार**



**केटी न्यूज/बक्सर**

आगामी महोत्सव और शहर की आधारभूत संरचना को दुरुस्त करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी साहिला ने बुधवार को बक्सर नगर परिषद क्षेत्र में संचालित विभिन्न योजनाओं का औचक स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां कार्यों की प्रगति पर संतोष जताया गया, वहीं कई स्थलों पर सुस्ती और अव्यवस्था देख अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए। सबसे पहले डीएम दलसागर खेल मैदान के पास पहुंच पथ का जायजा लेने पहुंचीं। यहां सड़क किनारे खड़े विद्युत पोलों को तत्काल हटाने का निर्देश विद्युत आपूर्ति प्रमंडल बक्सर के कार्यपालक अभियंता को दिया गया, ताकि आवागमन में बाधा न हो। साथ ही पहुंच पथ की मरम्मत में तेजी लाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंता को स्पष्ट समयसीमा के साथ कार्य पूर्ण करने को कहा गया। इसके बाद डीएम ने चुरामनपुर बहुउद्देशीय परिसर का निरीक्षण किया। यहां स्थित पंचायत सरकार भवन एवं अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के संचालन में सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिला परियोजना प्रबंधक जीविका, जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि भवन निर्माण का उद्देश्य तभी सार्थक होगा, जब आमजन को नियमित और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिलें। आईटीआई मैदान में निमार्णाधीन अटल कला भवन के फाउंडेशन कार्य की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कार्य की गति बढ़ाने पर जोर दिया। भवन निर्माण निगम के सहायक अभियंता को निर्देश दिया गया कि गुणवत्ता से समझौता किए बिना समयसीमा के भीतर निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए।

निरीक्षण के दौरान आईटीआई मैदान की चहारदीवारी पर फीका रंग-रोगन, अधूरा दीवार लेखन और आसपास फैले अतिक्रमण पर भी डीएम ने नाराजगी जताई। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि तत्काल अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर परिसर की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण सुनिश्चित किया जाए।

आगामी महोत्सव को लेकर किला मैदान में विशिष्ट एवं अति विशिष्ट अतिथियों के आगमन को ध्यान में रखते हुए चिन्हित स्थल को व्यवस्थित पार्किंग क्षेत्र के रूप में शीघ्र विकसित करने का भी निर्देश दिया गया। डीएम ने कहा कि महोत्सव के दौरान यातायात प्रबंधन और स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि विकास योजनाओं में ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी और तय समयसीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता है।

### कोरानसराय पुलिस की तड़के कार्रवाई से मचा हड़कंप, संगठित नेटवर्क की आशंका तेज

# भट्ठा पुल बना शराब कॉरिडोर : 301.89 लीटर विदेशी शराब जब्त, तस्कर अंधेरे में फरार



**केटी न्यूज/डुमरांव**

कोरानसराय थाना क्षेत्र का चौगाईं रोड स्थित चिमनी ईंट भट्ठा पुल एक बार फिर अवैध शराब कारोबार का बड़ा ट्रांजिट प्वाइंट बनकर सामने आया है। बुधवार की अहले सुबह पुलिस ने यहां से 301.89 लीटर विदेशी शराब बरामद कर तस्करी के एक बड़े खेल का पदार्फाश किया है। हालांकि कार्रवाई की भनक लगते ही तस्कर वाहन समेत अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जिससे संगठित नेटवर्क की आशंका और गहरा गई है।

गुप्त सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने इलाके की घेराबंदी की। पुलिस की दबिश इतनी तेज थी कि तस्करों को माल छोड़कर भागना पड़ा। तलाशी के दौरान अलग-अलग पेटियों में छिपाकर रखी गई कुल 301.89 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। इसमें 200 एमएल और 750 एमएल की विभिन्न ब्रांड की बोतलें शामिल हैं। सूत्रों की मानें तो भट्ठा पुल का इलाका पिछले कुछ समय से तस्करों के लिए ह्यसेफ कॉरिडोरह्व की तरह इस्तेमाल हो रहा था। सुनसान क्षेत्र और सुबह का समय चुनकर शराब की खेप खपाने की योजना बनाई गई थी। लेकिन पुलिस की सक्रियता ने इस बार उनके मंसूबों पर पानी फेर दिया। थानाध्यक्ष माधुरी कुमारी ने स्पष्ट कहा कि यह कार्रवाई सिर्फ शुरूआत है। फरार तस्करों की पहचान के लिए आसपास के इलाकों में लगातार छापेमारी की जा रही है। संदिग्ध वाहन की भी तलाश जारी है। उन्होंने दो टूक कहा कि अवैध शराब कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। इस बड़ी बरामदगी के बाद इलाके में हड़कंप है। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा तेज है कि आखिर इतनी बड़ी खेप किसके संरक्षण में लाई जा रही थी। फिलहाल पुलिस पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटी है और माना जा रहा है कि जल्द ही इस मामले में बड़े खुलासे हो सकते हैं।

## होली से पहले पुलिस का एक्शन मोड, नाव से आ रही शराब की खेप पर छापा, दो तस्कर गिरफ्तार

**केटी न्यूज/राजपुर**

होली पर्व को देखते हुए राजपुर पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ सख्त अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के निकृष गांव के बधार में कर्मनाशा नदी के रास्ते लाई जा रही अवैध शराब की खेप पर बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 46 लीटर शराब बरामद की और दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार सुबह गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश से नाव के जरिए चार तस्कर शराब लेकर कर्मनाशा नदी के किनारे पहुंचे थे। वहां से शराब को बाइक पर लादकर आगे खपाने की तैयारी थी। जैसे ही तस्कर निकलने की कोशिश में थे, पहले से घात लगाए पुलिसकर्मियों ने चारों ओर से घेराबंदी कर दी। तलाशी के दौरान बैग में रखी विभिन्न ब्रांडों की शराब बरामद हुई। कार्रवाई में इटाढ़ी थाना क्षेत्र के भेलूपुर गांव निवासी ब्रजेश चौधरी और सनी देओल चौहान को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक अन्य तस्कर मौके से फरार हो गया। फरार आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। तस्करी में इस्तेमाल




की जा रही तीन बाइक भी जब्त कर ली गई हैं। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बताया कि होली के मद्देनजर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। नदी घाटों और सीमावर्ती इलाकों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। चौकीदारों को भी सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के धंधे में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और पर्व के दौरान शांति व्यवस्था हर हाल में कायम रखी जाएगी।

## एक नजर

### रोजगार का सुनहरा मौका: 20 फरवरी को बक्सर में एकदिवसीय रोजगार शिविरि

**बक्सर।** बक्सर जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए 20 फरवरी को बड़ा अवसर आने वाला है। जिला नियोजनालय, बक्सर द्वारा एकदिवसीय नियुक्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें प्रतिष्ठित कंपनी हिरो साइकल (सागर माइक्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड) द्वारा सीधे चयन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। यह नियुक्ति शिविर संयुक्त श्रम भवन, आईटीआई मैदान परिसर, बक्सर में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक आयोजित होगा। कंपनी द्वारा धातु गैस वेल्डर (एमआईजी वेल्डर), टंगस्टन गैस वेल्डर (टीआईजी वेल्डर) एवं फ्रेशर (प्रशिक्षु) पदों पर कुल 80 रिक्तियों के लिए चयन किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को 15,164 रुपये से 23,359 रुपये प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा। कार्यस्थल लुधियाना (पंजाब) निर्धारित है। इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं, बारहवीं, स्नातक, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अथवा डिप्लोमा निर्धारित की गई है। आयु सीमा 18 से 40 वर्ष रखी गई है तथा यह अवसर पुरुष अभ्यर्थियों के लिए है। योग्यतानुसार अभ्यर्थियों का चयन शिविर स्थल पर ही साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। नियोजनालय में निबंधन अनिवार्य किया गया है। जिन युवाओं का पंजीकरण अब तक नहीं हुआ है, वे राष्ट्रीय कैरियर सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। नियुक्ति शिविर में प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क है। इच्छुक अभ्यर्थियों को अपना जीवन-वृत्त (बायोडाटा) एवं आधार कार्ड साथ लाना होगा। प्रभारी जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि नियोजनालय की भूमिका केवल सुविधा उपलब्ध कराने तक सीमित है, जबकि नियुक्ति संबंधी शर्तों के लिए नियोजक स्वयं उत्तरदायी होंगे। उन्होंने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

### चक्की में पांच हजार का इनामी आखिर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**चक्की।** लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा पांच हजार रुपये का इनामी आरोपी आखिरकार कानून के शिकंजे में आ ही गया। चक्की थाना क्षेत्र के लक्ष्मण डेरा गांव में पुलिस ने सुनियोजित छापेमारी कर फरार चल रहे अभियुक्त ब्रह्मेश्वर यादव को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि ब्रह्मेश्वर यादव के खिलाफ चक्की थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज था और वह लगातार गिरफ्तारी से बचता फिर रहा था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर पांच हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। इसके बावजूद आरोपी गांव में ही रहकर खुद को सुरक्षित समझ रहा थागुप्त सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित रणनीति बनाई और बिना किसी हलचल के लक्ष्मण डेरा में दबिश दी। अचानक हुई कार्रवाई से आरोपी को संभलने का मौका तक नहीं मिला और पुलिस ने उसे मौके से दबोच लिया।

थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त से पूछताछ की जा रही है और मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच चल रही है। पुलिस यह भी खंगाल रही है कि फरारी के दौरान उसे किस-किस का संरक्षण प्राप्त था। इस गिरफ्तारी को पुलिस की बड़ी सफलता माना जा रहा है। इलाके में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी की धरपकड़ से आम लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### शराब के नशे में पकड़ाया युवक मेडिकल जांच में हुई पुष्टि

**कृष्णाब्रह्म।** नशाबंदी कानून के पालन को लेकर कृष्णाब्रह्म पुलिस ने एक बार फिर सख्त कार्रवाई की है। मंगलवार की शाम थाना क्षेत्र के नोनियापुरा गांव में गश्ती के दौरान पुलिस ने एक युवक को संदिग्ध अवस्था में पकड़ा। पूछताछ के बाद उसकी ब्रेथ एनालाइजर से जांच की गई, जिसमें शराब सेवन की पुष्टि हुई। गिरफ्तार युवक की पहचान जिंदगानी प्रसाद के रूप में हुई है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय भेज दिया।

प्रभारी थानाध्यक्ष महेश प्रसाद सिंह ने बताया कि क्षेत्र में शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शराब पीने या बेचने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और आम लोगों को स्पष्ट संदेश दिया गया है कि नशाबंदी कानून के प्रति प्रशासन पूरी तरह गंभीर है।

## वर्गीकरण के अधार पर होल्डिंग टैक्स की होगी वसूली, सूची किया गया सार्वजनिक

**केटी न्यूज/डुमरांव**

होल्डिंग टैक्स की वसूली को लेकर वार्ड पार्षदों व टैक्स की वसूली कर रहे एजेंसी के कर्मियों के साथ वार्ड पार्षदों के साथ विवाद गहराता चला जा रहा है। हाल्डिंग टैक्स की मनमानी वसूली को लेकर पिछले दिनों जमकर हंगामा हुआ था। स्वच्छता पदाधिकारी राजीव कुमार के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ था। मालूम हो कि बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 के तहत नगर विकास एवं आवास विभाग ने वर्ष 26.09.2012 अधिसूचना जारी किया था। उसी अधिसूचना के आलोक में डुमरांव नगर परिषद बोर्ड ने 27.02.2012 को स्वीकृति प्रदान कर दी थी। बोर्ड के द्वारा पूरे शहर को दो भागों में विभक्त किया था, जिसमें प्रधान मुख्य सड़क एवं मुख्य सड़क है। वर्गीकरण किये गए रोड और मोहल्लों में प्रधान मुख्य सड़क में 5 रोड को रखा गया है। पहला इसमें प्रधान मुख्य सड़क में स्टेशन के रेलवे रोड के पश्चिमी गुमटी से पूर्वी रेलवे गुमटी तक का भाग शामिल है। वहीं दूसरा भाग पश्चिमी रेलवे गुमटी से विष्णू भगवान मंदिर तक, तीसरा स्टेशन रोड में रेलवे स्टेशन से मां डुमरेजिन मंदिर गेट तक, चौथा में चौक रोड में स्टेशन रोड से बंधन पटवा रोड तक, पांचवां में जंगलबाजार रोड में जंगलबाजार रोड में राजगढ़ चौक से शक्तिद्वार तक का क्षेत्र शामिल है। वहीं दूसरे भाग को 17 भागों में बांटा गया है, जिसमें सफाखाना रोड में, स्टेशन रोड से नहर पुल तक का क्षेत्र शामिल किया गया है। इसमें मुसहर टोली और शाखा गलियो को छोड़ दिया गया है।

## बक्सर में कानून-व्यवस्था पर सवाल : मामूली तकरार में ईंट-पत्थर से कूच अधेड़ की निर्मम हत्या

- **मेन रोड स्थित तुरहा टोली में देर रात की है वारदात, पुराने विवाद में सब्जी विक्रेता ने दिया है घटना को अंजाम, पुलिस पर विलंब से पहुंचने का आरोप**
- **फरार आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है पुलिस, घटना के बाद से क्षेत्र में बना है तनाव**

**केटी न्यूज/बक्सर**

नगर थाना क्षेत्र के मेन रोड स्थित तुरहा टोली में मंगलवार की देर रात एक अधेड़ की ईंट-पत्थर से कूच निर्मम तरीके से हत्या कर दी गई। घटना मंगलवार रात करीब 9.30 बजे की है। बताया जा रहा है कि पुराने विवाद ने हिंसक रूप लेते हुए 55 वर्षीय अधेड़ की जान ले ली। ईंट-पत्थर से किए गए हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल पहुंचते-पहुंचते उनकी सांसें थम गईं। मृतक संतोष सेठ, पिता रामलाल सेठ, सिविल लाइन्स, तुरहा टोली के निवासी थे। परिजनों के अनुसार, मोहल्ले के ही एक सब्जी विक्रेता से उनका लंबे समय से विवाद चल रहा था। बताया जा रहा है कि मंगलवार की रात दोनों के बीच फिर कहासुनी हुई, जो अचानक उग्र हो गई। आरोप है कि इसी दौरान हमलावर ने पास में पड़े ईंट-पत्थर से ताबड़तोड़ वार कर संतोष सेठ को लहूलुहान कर दिया।

घटना इतनी तेजी से घटी कि आसपास के लोग संभल भी नहीं पाए। शोर सुनकर जब तक लोग मौके पर पहुंचे, तब तक संतोष सेठ गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर पड़े थे। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मेन रोड जैसे व्यस्त इलाके में इस तरह की वारदात ने लोगों के भीतर भय का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि छोटे-छोटे विवाद यदि समय रहते सुलझा दिए जाएं, तो इस तरह की भयावह घटनाओं से बचा जा सकता है। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि परिजनों ने पुलिस पर देर से पहुंचने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि यदि समय पर हस्तक्षेप होता, तो शायद जान बचाई जा सकती थी। परिजन आरोपित की तत्काल गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मोहल्ले में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपित की तलाश में छापेमारी की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या शहर में बढ़ते छोटे-छोटे विवादों को गंभीरता से लिया जा रहा है। क्या स्थानीय स्तर पर विवाद समाधान की कोई प्रभावी व्यवस्था है। संतोष सेठ की मौत ने इन सवालों को और तेज कर दिया है। फिलहाल पूरे शहर की नजरें पुलिस की कार्रवाई पर टिकी हैं। लोग यह जानना चाहते हैं कि क्या दोषी को जल्द गिरफ्तार कर न्याय दिलाया जाएगा, या यह मामला भी अन्य घटनाओं की तरह समय के साथ ठंडा पड़ जाएगा। एक व्यक्ति की जान चली गई, लेकिन इस वारदात ने पूरे शहर को असुरक्षा के एहसास से भर दिया है।

# रूहानियत में डूबा चौसा: चांद के साथ शुरू हुआ इबादत और रहमत का महीना

- **पहले रोजे के साथ गूंज उठीं मस्जिदें, तरावीह की नमाज से बढ़ी रौनक, दुआ, सब्र और नेकी के पैगाम के साथ रमजान का आगाज**



**केटी न्यूज/चौसा**

बुधवार की शाम जैसे ही आसमान में चांद नजर आया, पूरे चौसा में रूहानी माहौल छा गया। चांद के दीदार के साथ ही मुकद्दस माह रमजान की शुरूआत हो गई और मुस्लिम समुदाय में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। मुस्लिम बहुल इलाकों में देर शाम तक लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। सोशल मीडिया से लेकर मोहल्लों तक ह्लरमजान मुबारकह्व की गूंज सुनाई देने लगी।

चांद दिखते ही मस्जिदों की रौनक बढ़ गई। अकीदतमंद इबादत के लिए मस्जिदों का रुख करने लगे। खास तौर पर रमजान में अदा की जाने वाली तरावीह की नमाज का सिलसिला शुरू हो गया, जो पूरे महीने जारी रहेगा। गुरुवार को लोगों ने पहला रोजा रखा। सेहरी से लेकर इफ्तार तक पूरे दिन इबादत, सब्र और अल्लाह की याद में बिताया गया। रमजान को इस्लाम में सबसे पाक और बरकत वाला महीना माना जाता है। यह महीना आत्मसंयम, त्याग और आत्मशुद्धि का संदेश देता है। रोजा केवल भूख-प्यास से परहेज का नाम नहीं, बल्कि बुराइयों से दूर रहकर नेक रास्ते पर चलने की सीख भी देता है। इस दौरान लोग ज्यादा से ज्यादा इबादत, कुरान की तिलावत और दुआ में समय बिताते हैं। रमजान के साथ ही समाजसेवा और जरूरतमंदों की मदद की परंपरा भी तेज हो जाती है। सदका और जकात के जरिए गरीबों तक मदद पहुंचाने का सिलसिला शुरू हो जाता है, ताकि समाज के हर वर्ग तक खुशियां पहुंच सकें। बाजारों में भी रौनक बढ़ने लगी है। खजूर, फल और इफ्तार से जुड़ी वस्तुओं की खरीदारी में तेजी देखी जा रही है।

खानकाही मस्जिद के इमाम मौलाना मुख्तार अहमद रिजवी ने बताया कि रमजान को तीन अशरों में बांटा गया है और हर अशरा दस दिनों का होता है। पहला अशरा रहमत और बरकत का माना जाता है, जिसमें अल्लाह अपने बंदों पर विशेष कृपा करता है। दूसरा अशरा मगफिरत यानी गुनाहों की माफी का होता है, जबकि तीसरा और अंतिम अशरा जहन्नुम से निजात का माना जाता है।

उन्होंने कहा कि रमजान आत्ममंथन का महीना है, जिसमें इंसान अपने भीतर झांककर खुद को बेहतर बनाने की कोशिश करता है। एक महीने की इबादत और सब्र के बाद ईद का त्योहार खुशियों और भाईचारे का संदेश लेकर आता है। फिलहाल पूरे चौसा में रमजान की रौनक और रूहानियत का खास माहौल देखने को मिल रहा है।

## सोनवर्षा में रोमांचक फुटबॉल मुकाबला पटना ने मऊ को 3-2 से हराकर जीती शील्ड

**केटी न्यूज/नावानगर**

सोनवर्षा खेल मैदान में बुधवार को आयोजित एक दिवसीय फुटबॉल मैच में खेलप्रेमियों को रोमांच से भर देने वाला मुकाबला देखने को मिला। बिहार की पटना टीम और उत्तर प्रदेश की मऊ टीम के बीच खेले गए इस मैच में पटना ने 3-2 से जीत दर्ज कर शील्ड पर कब्जा जमा लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन पाटलिपुत्र ग्रुप के सीएमडी अनील कुमार, राजद नेता श्रीकांत यादव, अमरावती पेट्रोल पंप संचालक अमर सिंह, द एमिटी स्कूल के डायरेक्टर अमरेन्द्र राजेश एवं जिला परिषद सदस्य राजीव कुमार उर्फ राजू यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। आयोजन फुटबॉल क्लब सोनवर्षा द्वारा किया गया था। मैच की शुरूआत से ही पटना की टीम आक्रामक अंदाज में नजर आई। हाफ टाइम से पहले पटना ने दो शानदार गोल दागकर 2-0 की बढ़त बना ली।



हालांकि, हाफ टाइम के बाद मऊ की टीम ने दमदार वापसी करते हुए महज दस मिनट के अंतराल में लगातार दो गोल कर मुकाबले को 2-2 की बराबरी पर ला खड़ा किया। दर्शकों की धड़कनें बढ़ाने वाले इस मुकाबले का फैसला अंतिम क्षणों में हुआ, जब पटना के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल का प्रदर्शन करते हुए निर्णायक गोल दाग दिया और 3-2 से जीत सुनिश्चित कर ली। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को समिति एवं अतिथियों द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही आगंतुकों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष कलामुद्दीन उर्फ बकत मियां, व्यवस्थापक बालजीत पटेल, परशुराम सिंह, मंटू पटेल, मृत्युंजय ओझा, कलाम मियां, बाबुद्दीन, शिक्षक सुनील कुमार और संजय पटेल का सराहनीय योगदान रहा। मैच के दौरान बड़ी संख्या में क्षेत्रीय खेलप्रेमी उपस्थित थे।

# बीपीएल परिवार को बिजली बिल से मिलेगी राहत,मुफ्त लगेंगे सोलर पैनल



**केटी न्यूज/रोहतास**

जिले क्षेत्र में गरीब परिवारों के लिए बिजली बिल के बोझ को खत्म करने की दिशा में सरकार ने एक अहम कदम उठाते हुए कुटीर ज्योति यानी बीपीएल बिजली उपभोक्ताओं के पास अपनी छत पर निशुल्क सोलर पैनल लगवाने का सुनहरा मौका है। इस योजना के तहत न केवल बिजली बिल का झंझट खत्म होगा बल्कि दिन के समय पंखे और बल्ब पूरी तरह सूरज की रोशनी से चलेंगे। बिजली कंपनी ने स्पष्ट किया है कि योजना का लाभ लेने के लिए उपभोक्ताओं को 28 फरवरी तक अपनी सहमति देनी होगी। अच्छी बात यह है कि इसके लिए किसी भी सरकारी दफ्तर के चक्कर काटने की जरूरत नहीं है। पूरी प्रक्रिया घर बैठे 'सुविधा एप' के जरिए पूरी की जा सकती है। सरकार की इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देना और निम्न आय वर्ग के परिवारों को आर्थिक राहत देना है। इस संदर्भ में विद्युत अधीक्षण अभियंता सासाराम ई. इंद्रदेव कुमार ने बताया की जिले में करीब 97773 कुटीर ज्योति कनेक्शनधारी हैं। इन सभी परिवारों को इस योजना के दायरे में लाने का लक्ष्य है। सोलर पैनल लगने के बाद ग्रिड की बिजली पर निर्भरता कम हो जाएगी, जिससे उपभोक्ताओं का मासिक खर्च शून्य या नगण्य हो जाएगा। बिजली विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना जल्द से जल्द आवेदन करें ताकि पहले चरण में ही उनके घर सोलर यूनिट स्थापित की जा सके। उन्होंने बताया की अगर आपके पास स्मार्टफोन है तो आप इन 5 आसान स्टेप्स में आवेदन कर सकते हैं। सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर से 'सुविधा एप्प' डाउनलोड कर उसमें रूफटॉप सोलर पैनल स्थापन हेतु सहमति से कुटीर ज्योति विकल्प पर क्लिक करें। अपना उपभोक्ता संख्या दर्ज करें और प्राप्त ओटीपी से वेरिफाई करें। योजना की शर्तों को पढ़कर 'सहमति' प्रदान करते समय आवेदक को किसी एक पता प्रमाण पत्र (जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि) के साथ बीपीएल कार्ड या अन्य पात्रता प्रमाण पत्र जमा करना एवं मांगी गई जानकारी तहत छत का फोटो या एरिया भरकर सबमिट कर दें। जिनके पास स्मार्टफोन नहीं है वह संबंधित प्रमंडल कार्यालय के सुविधा काउंटर पर या वसुधा केंद्र की मदद ले सकते हैं। विभागीय सुविधा काउंटर पर यह सेवा बिल्कुल ही मुफ्त है।

# नीट छात्रा के परिवार को धमकी पर एक्शन जांच के लिए गांव पहुंची एफएसएल टीम



## दो बार छात्रा के गांव पहुंच चुकी है सीबीआई की टीम

बताया जाता है कि इस मामले में सीबीआई की जांच टीम दो बार छात्रा के गांव पहुंच चुकी है। इस दौरान टीम ने छात्रा के माता-पिता और भाई से विस्तृत पूछताछ की। पूछताछ के बाद सीबीआई टीम छात्रा के भाई का मोबाइल फोन जब्त कर बीती रात अपने साथ पटना ले गई।

## एसआईटी पर कई लोगों ने उठाए थे सवाल

यह मामला काफी चर्चित रहा है। राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी पर कई लोगों ने सवाल उठाए थे, जिसके बाद सरकार ने पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की अनुशंसा की थी। सीबीआई पहली बार 15 फरवरी को जहानाबाद जिले के पतियावां गांव पहुंची थी। इसके तीन दिन बाद टीम दोबारा गांव पहुंचकर छानबीन की और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की।

**एजेंसी। पटना**

नीट छात्रा प्रकरण की जांच कर रही केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम गहन पूछताछ के बाद बीती रात पटना लौटी ही थी कि अगले दिन छात्रा के भाई को जान से मारने की धमकी देने के मामले में एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम दलबल के साथ छात्रा के पैतृक गांव पतियावां पहुंच गई। परिवार को धमकी भरी पर्ची मिलने के बाद जांच के लिए शकूराबाद थाना पुलिस के साथ एफएसएल टीम गांव पहुंची। टीम ने छात्रा के घर के किचन की उस खिड़की की बारीकी से जांच की, जो बाहर की ओर खुलती है और जहां से धमकी भरा पर्चा फेंके जाने की आशंका जताई गई है। एफएसएल टीम ने अपने साथ लाए फीते से खिड़की और उसके पास स्थित सीढ़ी की माप ली। इसके अलावा किचन में रखे सामान की भी गहन जांच कर साक्ष्य जुटाए गए।बताया जाता है कि इस मामले में सीबीआई की जांच टीम दो बार छात्रा के गांव पहुंच चुकी है। इस दौरान टीम ने छात्रा के माता-पिता और भाई से विस्तृत पूछताछ की। पूछताछ के बाद सीबीआई टीम छात्रा के भाई का मोबाइल फोन जब्त कर बीती रात अपने साथ पटना ले गई। उयह मामला काफी चर्चित रहा है। राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी पर कई लोगों ने सवाल उठाए थे, जिसके बाद सरकार ने पूरे मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की अनुशंसा की थी। सीबीआई पहली बार 15 फरवरी को जहानाबाद जिले के पतियावां गांव पहुंची थी। इसके तीन दिन बाद टीम दोबारा गांव पहुंचकर छानबीन की और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की। गौरतलब है कि 14 फरवरी को छात्रा के घर के किचन में परिवार को जान से मारने की धमकी भरा एक पर्चा फेंका गया था। इसके तीन दिन बाद दोबारा इसी तरह का एक और पर्चा घर में फेंका गया। इसके बाद स्थानीय शकूराबाद थाना पुलिस सक्रिय हुई और एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की तथा साक्ष्य एकत्र किए।

# परीक्षा केंद्र के बाहर शिक्षा संकल्प अभियान बेटियों के सपनों को मिला सामाजिक संबल



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव में मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन एक अलग ही तस्वीर देखने को मिली। जहां एक ओर परीक्षा को लेकर छात्रों के चेहरों पर तनाव साफ झलक रहा था, वहीं दूसरी ओर समाज के कुछ जागरूक लोगों ने इस माहौल को सकारात्मक ऊर्जा में बदलने की पहल की। सुमित्रा महाविद्यालय परीक्षा केंद्र के समीप स्थानीय समाजसेवियों द्वारा ह्यशिक्षा संकल्प अभियानह्व चलाकर परीक्षार्थियों, खासकर छात्राओं, का उत्साह बढ़ाया गया। इस पहल का उद्देश्य केवल कलम और मिठाई बांटना नहीं, बल्कि शिक्षा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देना था। समाजसेवी राजकुमार कुंवर और राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों छात्राओं को परीक्षा से पहले शुभकामनाएं दी गईं और उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षा को बेटियों के सशक्तिकरण की कुंजी बताते हुए लोगों से अपील की गई कि वे ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्व के संकल्प को व्यवहार में उतारें। वक्ताओं ने कहा कि ग्रामीण परिवेश की छात्राओं को आगे बढ़ाने में समाज की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। यदि समुदाय सकारात्मक वातावरण तैयार करे, तो बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं रहेंगी। परीक्षार्थियों ने इस पहल को मनोबल बढ़ाने वाला कदम बताया। कई छात्राओं ने कहा कि परीक्षा के दबाव के बीच मिले इस प्रोत्साहन से आत्मविश्वास दोगुना हो गया। अभिभावकों ने भी इसे सराहनीय प्रयास बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में सकारात्मक सोच विकसित होती है। नगर में इस प्रकार का सामाजिक अभियान पहली बार देखने को मिला, जिसने यह संदेश दिया कि शिक्षा केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी भी है।

# मैट्रिक परीक्षा केंद्र में प्रवेश हेतु निर्धारित समय का परीक्षार्थी रखें ध्यान : प्रभात कुमार





**केटी न्यूज/रोहतास**

बुधवार को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति पटना द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा के दूसरे दिन बिक्रमगंज के 14 परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न हुई। थाना क्षेत्र में बनें 14 परीक्षा केंद्रों सीनियर सेकेंडरी स्कूल,बिक्रमगंज,प्लस टू हाई स्कूल तेन्दुनी,रामाधार सिंह प्लस टू हाई स्कूल, धनगाई,बिक्रमगंज, कन्या एमएस,बिक्रमगंज, विजन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, प्रज्ञा पुंज पब्लिक स्कूल,पटेल कॉलेज,अंजबित सिंह कॉलेज, डॉ.नागेन्द्र झा महिला कॉलेज,वीकेआर बीएस कॉलेज धारूपुर,इंदु तपेश्वर महिला कॉलेज, एमएस विद्यालय गोटपा,एमएस विद्यालय नोनहर सहित एमएस घुसिया कलां परीक्षा केंद्र पर दोनों पालियों में परीक्षा का संचालन सख्त प्रशासनिक निगरानी के बीच हुआ। दूसरे दिन प्रथम पाली में 5222 तथा द्वितीय पाली में 5098 परीक्षार्थी सहित कुल 10 हजार 320 छात्र-छात्रा परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि परीक्षा केंद्रों पर प्रवेश द्वार पर चिट पुर्जे को लेकर परीक्षार्थियों की गहन तलाशी भी की गई। संचालित परीक्षा के संदर्भ में एसडीएम प्रभात कुमार ने बताया कि छात्रों के जीवन में कदाचारमुक्त मैट्रिक परीक्षा उनके उज्जवल भविष्य को नई उड़ान देने वाला पहला मार्ग होता हैं। जो उनके शिक्षा जगत में एक अनमोल समय होता है। दूसरी तरफ एसडीएम प्रभात कुमार और एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर औचक निरीक्षण कर लगातार विधि-व्यवस्था का जायजा लेते हुए कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने में लगे हैं। जिसे लेकर प्रत्येक केंद्र पर दंडाधिकारी,स्टैटिक मजिस्ट्रेट और पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों एवं वीडियोग्राफी के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखते हुए सभी परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षक को कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर सख्त दिशा निर्देश भी जारी किया गया है।

## एक नजर

### बिजली चोरी में 8 लोगों पर जुर्माना के साथ प्राथमिकी दर्ज

**सूर्यपुरा।** विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चलाये जा रहे निरंतर विशेष अभियान के तहत दिनारा,संझौली व सूर्यपुरा प्रखंड अंतर्गत आठ पर जुमार्ना लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बता दें की मीटर से पहले सर्विस तार मे कटिंग करके एवं अतिरिक्त तार जोड़कर तथा मीटर बाईपास करते हुए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर प्रखंड दिनारा के दिनारा चौक निवासी जगदीश साह पिता-फौजदार साह पर 43213 रुपए, संझौली प्रखंड के सोनी निवासी श्याम बिहारी सिंह पिता-जागनारायण सिंह पर 19576 रुपए, मुन्ना कुमार पिता-ललन सिंह पर 2982, सतेंद्र सिंह पिता-राजमोहन सिंह पर 20716, संजय सिंह पिता-ललन सिंह पर 10398, धनजी सिंह पिता-देवराज सिंह पर 7755 व प्रखंड सूर्यपुरा में बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर लखनपुरा निवासी सत्यनारायण चौधरी पर 20859 तथा राधेश्याम चौधरी पर 10367 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। इनके परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नही था तथा बिजली से सम्बंधित वैध कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नही की गयी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार ने बताया की जो उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर या नॉर्मल मीटर बाईपास कर विद्युत ऊर्जा की चोरी कर रहे हैं वह दुरुस्त कर लें एवं जो व्यक्ति घरेलु, व्यवसायिक, ई-रिक्शा चार्ज, कृषि या औद्योगिक कार्य आदि हेतु बिजली का कनेक्शन नहीं लिए हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज मे चालू माह मे 32 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है, जिसमे कुल जुमार्ना की राशि 18.31 लाख अधिरोपित है।

### दिनदहाड़े अपराधियों ने व्यापारी पर हमला कर 1.75 लाख रुपए लूटा

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र में बिक्रमगंज-नासरीगंज एनएच-120 की मुख्य सड़क पर मंगलवार दोपहर दिनदहाड़े दो लुटेरों ने व्यापारी राजेश कुमार पर हमला कर 1.75 लाख रुपये लूट लिए। नासरीगंज निवासी राजेश साह बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा से दोपहर 12 बजे 1.75 लाख रुपये निकाल कर बाइक से लौट रहे थे। इसी क्रम में मुख्य सड़क पर ही लुटेरों ने राजेश को बाइक से धक्का से गिराते हुए जमकर पिटाई की। इसके बाद लाखों रुपये छीन हथियार दिखा जान से मारने की धमकी देकर दोनों फरार हो गए। घटनास्थल पर राहगीरों का भीड़ होने के बावजूद किसी ने पीड़ित की मदद नहीं की। सूचना मिलते ही 112 पुलिस टीम पहुंची, लेकिन तब तक लुटेरे फरार हो चुके थे। पीड़ित व्यक्ति राजेश ने बुधवार को काराकाट थाने में दो अज्ञात अपराधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। इस संदर्भ में प्रभारी थानाध्यक्ष रोहित कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए छापेमारी शुरू कर दी गई। डीआईयू टीम के सहयोग से तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पूछताछ और जांच जारी है। पीड़ित राजेश ने बताया, "मुख्य सड़क पर इतने लोग थे, लेकिन किसी ने रोककर मदद नहीं की। पुलिस पहुंचकर पूछताछ की और मामले की जांच शुरू किया।

### पुलिस ने भारी मात्रा में शराब किया बरामद, आरोपी को जेल

**काराकाट।** काराकाट थाना पुलिस ने अवैध अंग्रेजी शराब के धंधे पर कड़ा प्रहार करते हुए मुंजी गांव से भारी मात्रा में शराब बरामद की और एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापेमारी की। जिसमें 144 पीस 8 पीएम अंग्रेजी शराब की फ्रूटी तीन पेटी 180 एमएल की और 34 पीस गॉडफादर बीयर जब्त की गई। छापे में पकड़े गए आरोपी स्व.रामाधार सिंह के पुत्र शिव पुकार सिंह मुंजी गांव के निवासी हैं। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के धंधेबाजों और पीने वालों के खिलाफ छापेमारी तेज कर दी गई है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिस ने वारंटी के घर चिपकाया इस्तेहार



**कोचस।** परसथुआ पुलिस ने बुधवार को गाजे बाजे के साथ वारंटी के दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रामचंद्र चौपाल ने बताया कि पूर्व कांड में फरार चल रहे अभियुक्त के घर कोर्ट के द्वारा निर्गत किए गए वारंट के आधार पर पुलिस ने ग्राम सोहसा थाना परसथुआ निवासी वारंटी शिवम यादव पिता भोरीक यादव के घर पुलिस गाजे बाजे के साथ इश्तेहार चिपकाया है, वहीं पुलिस ने स्वजनों से बोला है कि अगर आरोपी कोर्ट में सरेंडर नहीं करता है तो पुलिस आगे की भी कार्रवाई करेगी।

### सड़क हादसे में चालक जख्मी,रेफर

**कोचस ।** कोचस नगर पंचायत के मोहनिया रोड स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 319 पर ट्रक और ईट से लदा ट्रैक्टर में जोरदार टक्कर हो गई जिसमें ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि ट्राली को छोड़ चालक ट्रैक्टर लेकर भागने में कामयाब रहा। घटना के बारे में बताया जाता है कि ईट से लदा ट्रैक्टर और ट्रक मोहनिया से कोचस की तरफ आ रही थी जहां ओवर टेक करने के दौरान ट्रैक्टर और ट्रक में टक्कर हुई और ट्रक अनियंत्रित हो डिवाइडर से जा टकराई, जोरदार टक्कर की वजह से ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोग के सहयोग से चालक को निजी क्लीनिक मे भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

## 8-10 रैक और 12.5 किमी पटरी बिछाने का टेंडर जल्द!

# पटना मेट्रो में तेजी: जल्द चलेगी छह कोच वाली ट्रेन



**एजेंसी। पटना**

पटना में मेट्रो परियोजना के काम में तेजी आ गई है और शहरवासियों को जल्द ही छह कोच वाली मेट्रो सेवा का लाभ मिल सकेगा। वर्तमान में दोनों कॉरिडोर के लिए आठ से दस रैक की खरीद प्रक्रिया चल रही है, जिसके लिए जल्द ही निविदा जारी करने की योजना है। मेट्रो के एलिवेटेड और भूमिगत 12.5 किलोमीटर की पटरी बिछाने का टेंडर भी जल्द ही जारी किया जाएगा। हालांकि पटना मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ने इस बात की आधिकारिक पुष्टि अभी तक नहीं की है, लेकिन सूत्रों के अनुसार परियोजना की तैयारियां तेज हैं। मेट्रो कोच और पटरी बिछाने के लिए एजेंसी के चयन में लगभग सात-आठ महीने का समय लग सकता है। इस बीच राजेंद्र नगर, मोइनुल हक स्टेडियम, पटना विश्वविद्यालय, पीएमसीएच, गांधी मैदान, आकाशवाणी होते हुए पटना जंक्शन तक टनल का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा। इस रूट पर कई स्थानों पर टनल का काम पहले ही पूरा हो चुका है। मेट्रो परियोजना के चौथे चरण में भूमिगत लाइन पर परिचालन शुरू होगा। इसके तहत मलाही पकड़ी से राजेंद्र नगर, मोइनुल हक स्टेडियम और पटना विश्वविद्यालय तक मेट्रो सेवा शुरू की जाएगी। पांचवें चरण में विश्वविद्यालय, पीएमसीएच और गांधी मैदान तक मेट्रो परिचालन की योजना है। वहीं छठे चरण में आकाशवाणी, पटना जंक्शन और मीठापुर तक सेवा शुरू की जाएगी। जानकारी के अनुसार जिस कंपनी को रैक निर्माण की जिम्मेदारी दी जाएगी, उससे भूमिगत लाइन पर परिचालन शुरू होने से पहले कम से कम दो रैक ली जाएंगी। मार्च में प्राथमिक कॉरिडोर के 6.107 किलोमीटर में मलाही पकड़ी तक मेट्रो सेवा दूसरे चरण में शुरू होगी। पहले चरण में न्यू पाटलिपुत्र बस टर्मिनल स्टेशन से जीरो माइल होते हुए भूतनाथ तक मेट्रो परिचालन चल रहा है। तीसरे चरण में खेमनीचक से जगनपुरा, रामकृष्ण नगर होते हुए मीठापुर तक लगभग 3.217 किलोमीटर एलिवेटेड मार्ग पर मेट्रो परिचालन की तैयारी की जा रही है। प्राथमिक कॉरिडोर के परिचालन के लिए फिलहाल तीन कोच का एक रैक किराए पर लाया गया है। मीठापुर तक मेट्रो सेवा शुरू होने से पहले तीन कोच के एक और रैक को भी किराए पर लाया जाएगा। इस साल मीठापुर तक मेट्रो परिचालन शुरू करने की योजना है। कोच खरीदने के लिए जब निविदा जारी होगी, तब उसकी आपूर्ति में कम से कम दो साल का समय लग सकता है। इसलिए प्रारंभिक परिचालन के लिए रैक किराए पर लाकर मीठापुर तक सेवा शुरू की जाएगी।

# गया के बाराचट्टी में सेना की गाड़ी पलटी चार जवान हुए जख्मी, दो की हालत गंभीर

**एजेंसी। पटना**

बिहार के गया जिले के बाराचट्टी प्रखंड अंतर्गत धनगांई थाना क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक सड़क हादसा हो गया। ग्राम चांदो के पास एक खड्ड में भारतीय सेना के जवानों की गाड़ी असंतुलित होकर पलट गई। यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई। हादसे में चार जवान घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाराचट्टी में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।चिकित्सकों के अनुसार, दो जवानों की स्थिति सामान्य है और उनका इलाज कर दिया गया है। वहीं, दो अन्य जवानों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल अस्पताल गया रेफर किया गया है। घायलों की पहचान राम (पिता- आर. मैडू), इडवीन (पिता- जैकेव), नरेश (पिता- कसपा) और महेश के रूप में हुई है। पुलिस और संबंधित अधिकारी मामले की जांच में जुटे हैं।



# विजय सिन्हा का बड़ा ऐलान, बिहार के अंचल कार्यालयों में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे



**एजेंसी। पटना**

बिहार में जमीन और राजस्व व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है. उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय सिन्हा ने घोषणा की है कि अब सभी अंचल कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे. उन्होंने कहा कि इससे शिकायतों की निगरानी आसान होगी. जनता दरबार के दौरान होने वाली पूरी गतिविधि कैमरे की नजर में रहेगी।

### हर अंचल कार्यालय के लिए 1.25 लाख का आवंटन

सरकार ने प्रत्येक अंचल कार्यालय के लिए 1 लाख 25 हजार रुपये का आवंटन कर दिया है. इस राशि से सीसीटीवी कैमरे और जरूरी उपकरण लगाए जाएंगे. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि इससे लोगों की आवाजाही और कामकाज में पारदर्शिता आएगी. किसी भी तरह की अनियमितता पर नजर रखी जा सकेगी।

### बेतिया राज और दरभंगा राज की जमीन पर नया नियम

बेतिया राज और दरभंगा राज की जमीन को लेकर भी सरकार ने सख्त रुख अपनाया है. विजय सिन्हा ने कहा कि इस पर अध्ययन कर हमलोग नया नीति बनाएंगे. उन्होंने साफ कहा कि जिन लोगों ने अतिक्रमण किया है या गलत तरीके से जमीन हासिल की है. उन्हें चिन्हित किया जाएगा. ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

### जमीन उपयोग पर सख्ती

सरकार चाहती है कि इन जमीनों का उपयोग नियम के अनुसार हो. अवैध कब्जे और फर्जीवाड़े पर रोक लगाने की तैयारी है. विजय सिन्हा ने कहा कि पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था सरकार की प्राथमिकता है. इस फैसले से राजस्व विभाग में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है. अब अंचल कार्यालयों में हर गतिविधि रिकॉर्ड होगी और जमीन विवादों पर सख्त कार्रवाई का रास्ता साफ होगा।

# किसानों के लिए बड़ा फैसला : बिहार सरकार बनाएगी नया मार्केटिंग फेडरेशन, बिस्कोमान की तर्ज पर होगा विकसित

**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार किसानों के लिए नया मार्केटिंग फेडरेशन बनाने जा रही है। यह फेडरेशन किसानों को बिचौलियों से मुक्त करेगा, फसल की सही कीमत दिलाएगा और राज्य के कृषि उत्पादों को ग्लोबल ब्रांड के रूप में पहचान दिलाएगा। बिहार के किसानों और पैक्स समितियों के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार एक बड़ा और क्रांतिकारी कदम उठाने जा रही है। झारखंड के अलग राज्य बनने के बाद बिस्कोमान पर बिहार का सीधा नियंत्रण नहीं रह गया है। ऐसे में राज्य सरकार अब अपना ह्यनया मार्केटिंग फेडरेशनह्ल स्थापित करने की तैयारी कर रही है। यह प्रस्तावित फेडरेशन किसानों को बिचौलियों के चंगुल से मुक्त कर सीधे बाजार से जोड़ने का काम करेगा। साथ ही, बिहार के कृषि



उत्पादों को ग्लोबल ब्रांड के रूप में पहचान दिलाने की दिशा में भी पहल की जाएगी। सहकारिता विभाग ने इसकी विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर ली है, जिससे किसानों को खाद और उन्नत बीज के लिए लंबी कतारों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा। सरकार इस नए फेडरेशन को बिस्कोमान की तर्ज पर विकसित करना चाहती है। चूंकि बिस्कोमान अब बहुराज्यीय संस्था बन चुका है और उस पर राज्य सरकार का प्रत्यक्ष नियंत्रण नहीं है, इसलिए राज्य के भीतर मजबूत विपणन तंत्र विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत प्रमंडल स्तर पर सहकारी संघ गठित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण स्तर तक सशक्त नेटवर्क तैयार हो सके।नए फेडरेशन के माध्यम से किसानों को अपनी उपज बेचने के लिए कंपनियों या बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्हें बाजार भाव की सटीक जानकारी, भंडारण, पैकेजिंग और बिक्री की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। खासतौर पर सीमांत किसानों को इसका बड़ा लाभ मिलने की उम्मीद है, जो अक्सर मजबूरी में कम कीमत पर फसल बेच देते हैं। यह फेडरेशन केवल कृषि उत्पादों की बिक्री तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि समय पर उर्वरक और स्थानीय जलवायु के अनुरूप बीज भी उपलब्ध कराएगा। वर्तमान में खाद वितरण के दौरान लंबी कतारें लगती हैं, लेकिन नई व्यवस्था से यह प्रक्रिया सुगम होने की संभावना है। इसके साथ ही, कृषि उत्पादों की ब्रांडिंग और निर्यात गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि बिहार की उपज को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। कृषि प्रधान राज्य होने के बावजूद ब्रांडिंग के अभाव में बिहार के उत्पादों को अपेक्षित पहचान नहीं मिल पाती। राजधानी पटना स्थित सहकारिता विभाग इस योजना को जल्द लागू करने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। माना जा रहा है कि यह पहल राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगी और किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## एक नजर

### वैशाली में भीड़ के हत्थे चढ़ा युवक, बच्चा चोरी के आरोप में बेरहमी से पिटाई, हालत गंभीर



**वैशाली।** बिहार के वैशाली जिले से भीड़तंत्र की एक चिंताजनक घटना सामने आई है। बच्चा चोरी के आरोप में ग्रामीणों ने एक व्यक्ति को पकड़कर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। यह घटना महुआ थाना क्षेत्र के जहांगीरपुर सलखन्नी गांव का है। जानकारी के अनुसार, गांव वालों ने एक व्यक्ति को बच्चा चोरी के संदेह में पकड़ लिया। आरोप लगाते ही भीड़ उग्र हो गई और उसकी जमकर पिटाई कर दी। बताया जा रहा है कि युवक को तब तक पीटा गया जब तक वह अधमरा नहीं हो गया। घटना की सूचना मिलते ही महुआ थाना की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को भीड़ के चंगुल से छुड़ाने का प्रयास किया। इस दौरान भीड़ ने पुलिस के साथ भी दुर्व्यवहार किया। हालांकि, काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने युवक को बचाकर अस्पताल पहुंचाया। महुआ के एसडीपीओ संजीव कुमार ने बताया कि घायल व्यक्ति की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, वह महुआ अनुमंडल क्षेत्र के चेहराकलां का रहने वाला बताया जा रहा है। होश में आने के बाद ही उसकी स्पष्ट पहचान हो पाएगी।पुलिस ने कहा है कि घटना में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### सहरसा में 2 साल की बच्ची के साथ हैवानियत, घर के पास खेल रही मासूम को बनाया हवस का शिकार

**सहरसा।** बिहार के सहरसा जिले से हैरान करने वाली खबर आ रही है, जिसने मानवता को झकझोर कर रख दिया है। एक गाँव में महज दो साल की एक मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म किये जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। घटना आज हीं की बताई जा रही है। घटना को उस वक्त अंजाम दिया गया, जब मासूम अपने घर के पास स्थित खेत में खेल रही थी। घटना से पूरे इलाके में भारी आक्रोश का माहौल है, घटना के बाबत मासूम के बदहवास पिता ने अस्पताल में आपबीती सुनाते हुए कहा कि उनकी छोटी सी बच्ची खेत में खेल रही थी। तभी गांव के ही एक युवक ने उसे बहला-फुसलाकर उसे अपने हवस का शिकार बनाया। घटना का पता तब चला जब एक ग्रामीण को बच्ची बेहोशी की हालत में मिली। जिसके बाद उसने तुरंत इसकी सूचना परिजनों को दी, परिजन बच्ची को लेकर आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे। बच्ची की नाजुक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर ईलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है और फिलहाल वह होश में है। हालांकि, प्राईवेट पार्ट बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण उसे तत्काल विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में भेजा गया है। पुलिस मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि कानूनी कार्रवाई को और मजबूती दी जा सके। परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर इस घिनौनी वारदात को अंजाम देने का सीधा आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की और आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया है।

# भाजपा में शामिल होने के सवाल पर बोले खेसारी लाल यादव, कहा..पॉलिटिक्स मेरे वश की बात नहीं

पटना में मीडिया से बातचीत करते हुए खेसारी लाल ने कहा कि पॉलिटिक्स में झूठ बोलना पड़ता है, हम सच बोलने वाले लोग हैं। सच बोलकर राजनीति नहीं की जा सकती। मुझे बीजेपी क्या कही नहीं जाना है। मैं जहां हूं सही हूं। भोजपुरी के सुपर स्टार खेसारी लाल यादव ने पटना में मीडिया से बातचीत की। इस दौरान पत्रकारों के हर सवाल का जवाब दिया। उनसे पूछा गया कि मनोज तिवारी कह रहे हैं कि रितेश पांडेय जनसुराज छोड़ दिये हैं वो अब बीजेपी में कभी भी जा सकते हैं और यह भी कह रहे हैं कि खेसारी लाल भी भाजपा का दामन थामेंगे। इस सवाल का जवाब देते हुए खेसारी लाल यादव यादव ने कहा कि मैं कही नहीं जा रहा हूं, मैं कलाकार हूं..मुझे कलाकार ही रहने दीजिए। राजनीति हमारे वश की बात नहीं है। खेसारी लाल ने आगे कहा कि पॉलिटिक्स में झूठ बोलना पड़ता है, हम सच बोलने वाले लोग हैं। सच बोलकर राजनीति नहीं की जा सकती। मुझे बीजेपी क्या कही नहीं जाना है। मैं जहां हूं सही हूं। उन्होंने कहा कि बिहार में विधानसभा चुनाव लड़ना था एक बार सेचुयेशन ही ऐसा




हुआ लड़ लिये। देख लिया कि सच्चाई यहां नहीं चल सकती। मैं एक कलाकार के रूप में बहुत खुश हूं। मुझे बस संगीत से मतलब है और संगीत ही मेरा जीवन है। इस दौरान पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह के बार में कुछ भी बोलने से खेसारी लाल ने इनकार कर दिया। कहा कि मैं किसी के पारिवारिक विवाद पर नहीं बोलना चाहता। एक नागरिक होने के नाते कई बार बोल चुका हूं और तब इसका खामियाजा भी भुगत चुका हूं। पवन सिंह की फैमिली पर बोलने से अभद्र टिपप्पियां मुझ पर की जाती है। मुझे ट्रौल किया जाता है। इसलिए इस मामले में कुछ भी बोलना हम मुनासिब नहीं समझते।

# 72 घंटा के लिए सील रहेगी भारत-नेपाल सीमा

**एजेंसी। पटना**



नेपाल में 5 मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा को 72 घंटे के लिए सील किया जाएगा। इस दौरान सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है।सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार, चुनाव के मद्देनजर असामाजिक तत्वों की आवाजाही और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए यह कदम उठाया गया है। हालांकि, इस अवधि में आपातकालीन सेवाएं बहाल रहेंगी। सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) और नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल नेपाल (एपीएफ) द्वारा संयुक्त गश्त की जा रही है। दोनों देशों के सुरक्षा बल संवेदनशील इलाकों, प्रमुख चेक पोस्टों और सीमा स्तंभों के आसपास विशेष निगरानी रख रहे हैं। आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच की जा रही है तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जा रही है। एसएसबी 18वीं बटालियन राजनगर के कमांडेंट दामोदर प्रसाद मीणा के निर्देश पर लदनियां प्रखंड के पिपराही बीओपी प्रभारी सहायक कमांडेंट विकास कुमार राय और नेपाल एपीएफ 7वीं बटालियन, सिरहा जिला के इंस्पेक्टर हरी बहादुर बसनेट ने संयुक्त रूप से बॉर्डर पिलर संख्या 253/19 के समीप गांवों में फ्लैग मार्च और संयुक्त पेट्रोलिंग की। इस दौरान सीमावर्ती क्षेत्र के लोगों से शांतिपूर्ण और भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की गई। चुनाव के दौरान शराब, मादक पदार्थ, अवैध हथियार और अन्य आपत्तिजनक सामग्री की तस्करी की आशंका को देखते हुए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। दोनों देशों के अधिकारी लगातार समन्वय और संवाद बनाए हुए हैं ताकि चुनाव प्रक्रिया सुचारु रूप से संपन्न हो सके।

# एक्सप्रेस ट्रेन से फर्जी टीटीई गिरफ्तार, काला कोट पहनकर नेपाली युवक कर रहा था अवैध वसूली, यात्रियों ने पकड़ा



**एजेंसी। पटना**

दरभंगा से अहमदाबाद जा रही साबरमती एक्सप्रेस 19166 में चेकिंग के दौरान एक फर्जी टीटीई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी खुद को टिकट परीक्षक बताकर यात्रियों से अवैध वसूली कर रहा था। सतर्कता दिखाते हुए रेलवे अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया और बाद में जीआरपी समस्तीपुर को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी की पहचान श्रवण कुमार कापड के रूप में हुई है, जो नेपाल के धनुषा जिले का निवासी है। वह ट्रेन में टीटीई की वर्दी जैसी पोशाक पहनकर यात्रियों के टिकट की जांच कर रहा था और बिना टिकट या सामान्य कोच में सफर कर रहे यात्रियों से पैसे वसूल रहा था। उसके हाव-भाव और व्यवहार पर संदेह होने पर हेड टिकट परीक्षक सोमनाथ राय ने उससे पहचान पत्र और आधिकारिक दस्तावेज दिखाने को कहा। सही जवाब न दे पाने और वैध पहचान पत्र प्रस्तुत न करने पर मामला स्पष्ट हो गया। इसके बाद उसे तुरंत हिरासत में ले लिया गया। ट्रेन के समस्तीपुर पहुंचने पर आरोपी को जीआरपी के हवाले कर दिया गया, जहां उसके खिलाफ धोखाधड़ी और अवैध वसूली से संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आरोपी काफी समय से इस तरह की गतिविधि में शामिल हो सकता है। फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि उसने अब तक कितने यात्रियों से ठगी की और क्या उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है। इस पूरे मामले का पदार्फाश करने वाले हेड टिकट परीक्षक सोमनाथ राय की सतर्कता की सराहना की जा रही है। मंडल रेल प्रबंधक ने उन्हें पुरस्कृत करने की घोषणा की है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को टीटीई समझकर पैसे न दें और हमेशा पहचान पत्र देखने के बाद ही सहयोग करें।

# फरवरी में 30°C के पार तापमान, 22 फरवरी तक शुष्क रहेगा मौसम

**एजेंसी। पटना**

बिहार में मौसम का मिजाज इन दिनों तेजी से बदलता नजर आ रहा है। फरवरी का महीना अब धीरे-धीरे मार्च जैसी गर्मी का एहसास कराने लगा है। दिन में तेज धूप और 28 से 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचता तापमान लोगों को चौंका रहा है। दोपहर के समय सड़कों पर चिलचिलाती धूप महसूस हो रही है, जिससे लोग हल्के कपड़ों का सहारा लेने लगे हैं। वहीं सुबह और शाम के वक्त हल्की गुलाबी ठंड अब भी बनी हुई है, जिससे मौसम में ठंड और गर्मी का मिला-जुला असर देखने को मिल रहा है।भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार 22 फरवरी तक पूरे राज्य में मौसम शुष्क बना रहेगा। इस दौरान बारिश की कोई संभावना नहीं है।



आसमान साफ रहने की वजह से दिन में तेज धूप पड़ेगी और तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि पछुआ हवा के कमजोर पड़ने और पश्चिमी विक्षोभ के असर नहीं होने के कारण फिलहाल मौसम में स्थिरता बनी हुई है।राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकांश जिलों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 3 डिग्री अधिक दर्ज किया जा रहा है। गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और दरभंगा जैसे शहरों में भी दिन का तापमान 29-30 डिग्री के आसपास पहुंच चुका है। हालांकि न्यूनतम तापमान अभी 12 से 15 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे सुबह हल्की ठंड का एहसास हो रहा है। मौसम में इस बदलाव का असर आम जनजीवन पर भी दिखने लगा है। दोपहर के समय बाजारों में भीड़ थोड़ी कम नजर आ रही है, जबकि सुबह-शाम लोग खुले में टहलते दिखाई दे रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को मौसम के इस उतार-चढ़ाव से सावधान रहने की सलाह दी जा रही है, क्योंकि दिन में गर्मी और रात में ठंड के कारण सर्दी-जुकाम और वायरल संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। कृषि क्षेत्र के लिए फिलहाल यह मौसम अनुकूल माना जा रहा है। गेहूं, चना और मसूर जैसी रबी फसलों के लिए साफ मौसम और हल्की ठंड फायदेमंद होती है। हालांकि तापमान में लगातार वृद्धि फसलों की बढ़वार को प्रभावित कर सकती है, इसलिए किसानों को खेतों की नियमित निगरानी करने की सलाह दी गई है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि यदि तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो सिंचाई प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना होगा। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि फरवरी के अंतिम सप्ताह में तापमान में और बढ़ोतरी हो सकती है। फिलहाल किसी भी तरह की वर्षा या शीतलहर की संभावना नहीं है। ऐसे में लोगों को दिन में धूप से बचाव के लिए हल्के सूती कपड़े पहनने, पर्याप्त पानी पीने और धूप में लंबे समय तक रहने से बचने की सलाह दी जा रही है। कुल मिलाकर बिहार में मौसम का यह बदला हुआ मिजाज संकेत दे रहा है कि अब सर्दी की विदाई और गर्मी की दस्तक शुरू हो चुकी है। आने वाले दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी के साथ मौसम पूरी तरह से गर्म रुख अपना सकता है।

# सोन नहर में गिरी तेज रफ्तार कार महिला समेत दो लोगों की मौत

**एजेंसी। पटना**

पटना जिले के बिक्रम थाना क्षेत्र के मोजक्का टोला गांव के पास नहर रोड पर बड़ा हादसा हो गया। बुधवार सुबह तेज रफ्तार से जा रही उजले रंग की एक कार अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायल हो गए। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस की मदद से कार में सवार लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दतियाना ले जाया गया। वहां दो घायलों का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा।इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस ने मृतकों की पहचान औरंगाबाद जिले के कुटुंब गांव निवासी 46 वर्षीय मालती देवी और 54 वर्षीय जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि सभी लोग औरंगाबाद से पटना इलाज कराने जा रहे थे। इसी दौरान नहर रोड पर अचानक कार का संतुलन बिगड़ गया और वाहन नहर में जा पलटा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में कुल चार लोग सवार थे। दुर्घटना के दौरान दो लोग समय रहते गाड़ी से कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। हालांकि, कार के नहर में गिरते ही उसमें सवार एक महिला और एक पुरुष पानी में फंस गए। नहर में पानी अधिक होने के कारण वे बाहर नहीं निकल सके और डूबने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई।